पशु भू.	जल भू.	दग्धे	श्मशान	देवस्थान	जल भू.	उत्कर	ऊषर	ऊषर	स्थान
अग्नि	वरूण	स्कन्द	विष्णु	इन्द्र	इन्द्राणी	ब्रह्मा	वायु	आकाश	देवता
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षीस्थिर	चर	पक्षी	चरादि
अस्थि	रक्त	मांस मज्जा	चर्म त्वचा	मेद चर्बी	वीर्य ओज	स्नायु	नस	नस	शरीर धातु

राशि के ऊपर से गोचर एवं कुण्डली के ग्रहों का शुभाऽशुभ फल कोष्टक

राशि	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मेष	स्थानना	हर्ष	शत्रुभय	बंधुलाभ	भय	शत्रुनाश	धननाश	हानि	हानि
वृषभ	भय	वित्तना	धननाश	धनलाभ	धनलाभ	द्रव्यलाभ	धनहानि	वित्तनाश	वित्तनाश
मिथुन	श्रीप्राप्ति	द्रव्यलाभ	श्रीलाभ	क्लेशकर	रोग	वित्तलाभ	धनलाभ	द्रव्यलाभ	द्रव्यलाभ
कर्क	मानभंग	कुक्षिरोग	शत्रुभय	अर्यलाभ	द्रव्यना	धनलाभ	शत्रुभय	वैर	भय
सिंह	दैन्य	कार्यनाश	धनप्राप्ति	शत्रुवृद्धि	सौख्य	पुत्रलाभ	अर्थलाभ	शोक	शोक
कन्या	रिपुनाश	वित्तलाभ	द्रव्यलाभ	स्थान प्रा.	शोक	शत्रुभय	अन्नलाभ	वित्तलाभ	वित्तलाभ
तुला	गमन	धनस्त्रीला	शोक	शरीरपीड़ा	राजमान	शोक	दोषसंग्रह	कलह	कलह
वृश्चिक	पीड़ा	मृत्यु	शत्रुभय	धनलाभ	मृत्यु	अन्नलाभ	शरीरपीड़ा	प्राणनाश	प्राणनाश
धनु	कांतिक्षय	राजभय	कार्यनाश	पीड़ा	सौख्य	वस्त्रलाभ	धननाश	पाप	पाप
मकर	कार्यसिद्धि	महासौख्य	शोक	सौख्य	दैन्य	सौख्य	कर्मलाभ	वैर	वैर
कुंभ	वित्तलाभ	विविधला	वस्त्रलाभ	धनलाभ	द्रव्यलाभ	धनलाभ	द्रव्यलाभ	यश	यश
मीन	हानि	रोगधननाश	रोगधननाश	वित्तनाश	पीड़ा	द्रव्यलाभ	अनर्थ	हानि	हानि

विवाहे रवि चन्द्र शुद्धि चक्र तथा गोचर ग्रहफल शुभ-अशुभ बोधकचक्र

सूर्यः	चन्द्रः	मंगलः	बुधः	गुरूः	शुक्रः	श. रा. के.	ग्रहाः
३।६ १०।११	१।२।३।५।६ ७।९।१०।११	३।६ १०।११	२।६ १०।११	२।५।७ ९।११	१।२।३ ९।११	३।६ १०।११	शुभ स्थान
१।२।५ ७।९	किसी आचार्य ने १२ शुभ माना है	१।२।५ ७।९	१।३।५ ७।९	१।३।६ १०	५।६ ७।१०	१।२।५ ७।९	पुज्य स्थान
४।८।१२	४।८।१२	४।८।१२	४।८।१२	४।८।१२	४।८।१२	४।८।१२	अपुज्यस्थान

साढ़े तीन स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया, आश्विन शुक्ल विजयादशमी और कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा ये ४ स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त है। इन मुहूर्त्तों में किसी भी कार्य को करने के लिए पंचांग शुद्धि देखने की आवश्यकता नही होती, चौथा अर्धबली होने से इन्हे साढ़े तीन मुहूर्त्त या अबूझ मुहूर्त्त कहते है।

लोक प्रसिद्ध मुहूर्त्त

१. आषाढ़ शुक्ल भडुली नवमी, २. कार्तिक शुक्ल देवउठनी एकादशी, ३. माघ शुक्ल बसंत पंचमी, ४. फाल्गुन शुक्ल फूलेरा दूज ये चारों मुहूर्त्त लौकिक व्यवहार में प्रसिद्ध अभिष्ट सिद्धदायक माने गये है।

चोरी में गई वस्तु का ज्ञान

अंधलो.	रो	पु.	उ.	वि.	पू.	ध.	रे.	मिले पूर्व
मंदलो.	मृ	आ	ह.	ऽनु	उ.	श.	अ.	प्राप्ति दक्षिण
मध्यलो.	आ.	म.	चि.	ज्ये.	अ.	पू.	भ.	प्राप्ति पश्चिम
सुलोच.	पु.	पू.	स्वा.	मू.	श्र.	उ.	कृ.	कुयोग उत्तर

अन्धनक्षत्र में गई वस्तु शीघ्र मिले। मंदनक्षत्र में गई वस्तु ३ दिन में, मध्यनक्षत्र में गई वस्तु ६४ दिन में एवं सुलोचन मे गई वस्तु कभी नही मिले।

बम्बई वाले पं. श्रीधर शिवलालजी
ज्ञानसागर छापाखाना, पुराना शहर, किशनगढ़

काल परिचय :- प्रतिदिन प्रत्येक स्थान का दिनमान न्यूनाधिक होता रहता है। अभीष्ट दिन के दिनमान को ५ भागों में विभाजित करने पर प्रत्येक भाग को जिस नाम से जाना जाता है उसका निम्न विवरण है। १. **प्रातःकाल** २. **संगव काल या पूर्वाह्नकाल** ३. **मध्याह्नकाल** ४. **अपराह्नकाल** ५. **सायंकाल**। दिनमान के १५ भाग करने पर ८वां भाग अभिजित् मुहूर्त्त कहलाता है। और १०वां भाग **विजय मुहूर्त्त** कहलाता है। रात्रिमान के १५ भाग करने पर ३ भाग तक **प्रदोष वेला** और ८ वां भाग **निशीथकाल**, १३वां भाग **ब्रह्ममुहूर्त्त**, १४वां भाग **उषःकाल** और १५ वां भाग **अरूणोदयकाल** कहलाता है। **प्रातःसंध्या** सूर्योदय उपरांत ७२ मि. तक **सायंसंध्या** सूर्यास्त के पश्चात ७२ मिनट तक होती है।

मिहिराचार्य शिवघटी मुहूर्त्त बोधक सारिणी श्रीधरीय

वार	चैत्र, वैशाख, श्रावण, भादवा, माघ, फाल्गुन	वार	ज्येष्ठ-आषाढ़	वार	आसोज, कार्त्तिक, मंगसर, पौष
रवि	दिन- म. ६.४८, अ. १०.० व. २.० शू. ५.१२, अ. ६.० रात्रि- शू. ६. ४८, म. ७.३६ शू. ८.२४, अ. १०.०० शू. १०.४८, व १.१२ शू. ३.३६ म. ४.२४, अ. ६.०	रवि	दिन-अ. ८.२४ व. ११.३६ अ. २.४८ शू. ३.३६ म. ४.२४ शू. ६.० रात्रि- शू. ६.४८ अ. १०.० व. १२.२४ अ. २.४८ व. ४.२४ म. ६.०	रवि	दिन-शू. ७.३६ अ. १०.० व. १२.२४ अ. २.४८ व. ४.२४ अ. ५.१२ शू. ६.० रात्रि- शू. ७.३६ अ. ९.१२ व. ११.३६ अ. २.० शू. ३.३६ व. ६.०
चन्द्र	दिन-अ. ७.३६, व. १०.४८, अ. १.१२, व. ३.३६ अ. ५.१२ शू. ६.० रात्रि- व. ७.३६, म. ९.१२, अ. १०.० व. १.१२ अ. २.४८ शू. ४.२४ व. ५.१२ शू. ६.०	चन्द्र	दिन-अ. ७.३६ व. ९.१२ अ. ११.३६ व. ६.० रात्रि- व. ८.२४ अ. ११.३६ व. २.४८ म. ३.३६ व. ६.०	चन्द्र	दिन- अ. ९.१२ म. १०.४८ शू. १.१२ अ. ३.३६ म. ६.० रात्रि- व. ८.२४ अ. ११.३६ व. २.० अ. ३.३६ शू. ४.२४ व. ६.०
मंगल	दिन-अ. ८.२४ शू. ९.१२ व. १०.० अ. १२.२४ शू. ३.३६ अ. ५.१२ शू. ६.० रात्रि- व. ७.३६ म. ९.१२ अ. १०.० व. १२.२४ अ. २.० शू. २.४८ व. ३.३६ म. ४.२४ अ. ६.०	मंगल	दिन-शू. ७.३६ व. १०.० अ. ११.३६ शू. १.१२ व. ३.३६ शू. ४.२४ अ. ६.० रात्रि- शू. ६.४८ अ. १०.० व. १२.२४ अ. २.४८ व. ५.१२ म. ६.०	मंगल	दिन- अ. ७.३६ व. १०.० अ. १०.४८ शू. १२.२४ म. २.४८ शू. ५.१२ व. ६.० रात्रि- व. ८.२४ अ. ११.३६ व. २.० अ. ३.३६ शू. ४.२४ व. ६.०
बुध	दिन-व. ७.३६ अ. ९.१२ व. ११.३६ अ. १.१२ शू. २.० व. ३.३६ म. ४.२४ अ. ६.० रात्रि- शू. ६.४८ अ. ९.१२ म. १०.४८ व. १२.२४ शू. २.० अ. ६.०	बुध	दिन-शू. ६.४८ म. ८.२४ अ. १०.० व. १२.२४ शू. १.१२ व. २.४८ अ. ५.१२ शू. ६.० रात्रि- व. ७.३६ अ. ९.१२ व. १२.२४ अ. २.४८ शू. ६.०	बुध	दिन- शू. ६.४८ म. ८.२४ अ. ११.३६ व. २.० शू. ५.१२ व. ६.० रात्रि-शू. ६.४८ अ. १०.४८ व. २.० अ. ४.२४ शू. ५.१२ व. ६.०
गुरु	दिन- अ. ८.२४ शू. ९.१२ व. १०.४८ अ. १.१२ व. ४.२४ अ. ६.० रात्रि- व. ७.३६ म. ९.१२ अ. १०.० व. १.१२ अ. २.४८ शू. ४.२४ अ. ६.०	गुरु	दिन-अ. ७.३६ व. १०.० अ. ११.३६ शू. १.१२ व. ३.३६ शू. ४.२४ अ. ६.० रात्रि- व. ९.१२ अ. ११.३६ व. २.० अ. ४.२४ व. ६.०	गुरु	दिन- अ. ६.४८ शू. ८.२४ व. १०.४८ अ. १२.२४ शू. १.१२ व. २.४८ अ. ५.१२ म. ६.० - रात्रि- शू. ७.३६ व. ९.१२ शू. १०.० अ. १२.२४ व. २.४८ शू. ३.३६ व. ६.०
शुक्र	दिन- शू. ६.४८ अ. १.१२ व. ४.२४ अ. ५.१२ शू. ६.० रात्रि- व. ७.३६ शू. ८.२४ अ. १०.४८ व. १.१२ म. ३.३६ शू. ४.२४ अ. ६.०	शुक्र	दिन-अ. ६.४८ व. ७.३६ अ. १०.० व. १२.२४ अ. ३.३६ शू. ४.२४ व. ६.० रात्रि- व. ७.३६ अ. ९.१२ शू. १०.४८ म. ११.३६ व. १.१२ अ. २.४८ शू. ६.०	शुक्र	दिन- व. ९.१२ अ. १०.४८ शू. ११.३६ अ. १२.२४ व. २.० अ. ४.२४ म. ६.० - रात्रि- व. ७.३६ शू. ८.२४ अ. १०.४८ शू. १.१२ म. २.० शू. २.४८ व. ६.०
शनि	दिन- शू. ७.३६ व. ८.२४ शू. ९.१२ अ. १२.२४ शू. १.१२ व. २.० शू. ३.३६ अ. ५.१२ शू. ६.० रात्रि- व. ८.२४ अ. १०.४८ व. १२.२४ शू. २.० अ. ३.३६ शू. ४.२४ अ. ६.०	शनि	दिन- म. ६.४८ शू. ९.१२ अ. १२.२४ व. ४.२४ शू. ६.० रात्रि- शू. ६.४८ व. ८.२४ म. ९.१२ अ. १०.४८ शू. २.४८ अ. ३.३६ व. ४.२४ शू. ५.१२ अ. ६.०	शनि	दिन- शू. ७.३६ व. ९.१२ शू. १०.४८ अ. २.० शू. २.४८ व. ४.२४ शू. ५.१२ म. ६.० - रात्रि- शू. ६.४८ व. ८.२४ अ. १०.४८ व. १२.२४ अ. २.४८ व. ४.२४ अ. ६.०

☞ निम्न मुहूर्त्त का आधार भारतीय माह व वारानुसार है। मिहिराचार्य द्वारा समय को ४ भागो में विभक्त किया है। १. महेन्द्र २. अमृत ३. वक्र ४. शुन्य ये चार काल है। महेन्द्र को सर्वश्रेष्ठ काल माना गया है। इस समयावधि में किये गये कार्यों में पूर्ण सफलता प्राप्त होती है। अमृत काल को भी श्रेष्ठ माना है। वक्रकाल कष्टकारक बाधायुक्त एवं अड़चनो का माना गया है। तथा शून्य काल को नेष्ट अशुभ व्यर्थ माना गया है।

निम्न तालिका में १२ घण्टे का दिन व १२ घण्टे की रात्रि मानकर मध्यमान से सूर्योदय प्रातः ६ बजे तथा सूर्यास्त सायं ६ बजे मानते हुए समयावधि दी गई है। सूक्ष्म गणना हेतु इष्ट दिन के दिनमान या रात्रिमान के कम अधिक होने पर अनुपात से समय न्यूनाधिक करना युक्तियुक्त है। **नोटः** तालिका में **म.-महेन्द्र, अ.-अमृत, व.-वक्र, शू.-शून्य** अक्षरों में दर्शाया गया है। साथ ही इसके समाप्त होने का समय दिया गया है। **उदाहरण**-जैसे रविवार को प्रातः ६ बजे से ६। ४८ तक महेन्द्र काल, ६। ४८ से १०। ०० तक अमृत काल इसी अनुरूप अन्य जाने। इस मुहूर्त में राहु काल के समय का त्याग करना आवश्यक है।

अथ द्वादश राशि मध्ये शनि परिभ्रमण विवेक पाद-वाहन-देह निवास सूत्रफलम्

शनिपानोतिविचार- अपनी जन्मराशि से शनि गोचर भ्रमण करते १२, १, २ स्थान गणनानुगत बने, तो इस स्थिति में उस जातक को साढ़ेसाती ७॥ बृहत्कल्याणी शनि दशा कालांश बनता है। तथा इसी प्रकार जन्म राशि से गणना करते ४-८ स्थान पर शनि राशि भ्रमण बने तो ढैय्या दशा-लघुकल्याणी शनि दशा कालांश बनता है। प्रथम १ शनि पेट पर २ पैरों पर तथा बारहवाँ १२ नैत्रों पर प्रभावशाली रहता है।

शनिपाद ज्ञान- जिस नक्षत्र पर शनि हो उसकी संख्या में अपने जन्म नक्षत्र की संख्या जोड़कर चार ४ का भाग देवें। १ शेष रहते सोने का, २ शेष रहते लोहे का, ३ शेष रहते ताम्बे का तथा शून्य शेष रहे तो चांदी पाद समझें। स्वर्ण पाद से सुख-हानि, लोहपाद से धन द्रव्यनाश, ताम्र-तांबा से सामान्य फलद तथा चांदी पाया शुभ श्रीकार होता है।

शनिवाहन ज्ञान- शनि नक्षत्रचार से अपने जन्म नक्षत्र तक गणना करें, उसमें ९ का भाग देवें। तथा शेष १ रहते गंधर्व, २ शेष से अश्व, ३ शेष से गज,, ४ शेष से मेष, ५ शेष से जम्बूक (सियार) तथा ६ से सिंह, ७ से काग, ८ से मृग तथा ० शून्य ९ शेष रहते मयूर वाहन होगा। इनमें अश्व-गज-मयूर वाहन योगवाही सुखद होता है।

सिद्ध शनि मुद्रिका साढ़े साती एवं ढैय्या प्राप्त करने का एक मात्र विश्वसनीय स्थान
श्रीधरी बम्बई पुस्तकालय, पुराना शहर किशनगढ़ सिटी (राजस्थान)

साढ़े साती ७॥ वर्ष मध्ये शनिनिवास - शनिदेव ३ मास १० दिन मुख पर, १ वर्ष १ मास १० दिन दाहिनी भुजा पर, १० मास दाहिने पैर पर, १० मास बायां वाम पैर तथा १ वर्ष ४ मास २० दिन हृदय पर १ वर्ष १ मास १० दिन वाम बाँयी भुजा पर, १० मास मस्तिष्क सिर पर तथा ३ मास १० दिन बायां वाम नैत्र, ३ मास १० दिन दाहिने नेत्र पर, ६ मास २० दिन गुदा पर निवास करते है। इनका स्थान प्रतिफल यह है कि- मुख वास हानिप्रद, दाहिनी भुजा विजय उत्साह प्रदायक, दाहिनापाद भ्रमण प्रदायक, हृदय निवास, धन धान्य-सम्पदा कारक, बाँयी वाम भुजा पीड़ा विकार प्रदायक, मस्तिष्क शिरवास, शांति विधायक, सौख्यप्रद, नैत्र निवास शुभ फलद तथा गुदा स्थान चिंता, विकार पीड़ा प्रदायक रहता है।

साढ़े साती शनि स्थिति प्रतिफल- जन्म कुण्डली में यदि शनि मित्र राशि, उच्च राशि तथा शुभ ग्रह से संबंधशील हो तो शनि जनित ढैय्या साढ़े साती का कालांश विशेष अशुभ फल का सूचक नहीं, अपितु योगवाही शुभकारक प्रतिफल भी बन पाता है तथा जन्म कुण्डली में चन्द्र तथा शनि अशुभ ग्रहों से युक्त तथा नीच शत्रु राशि में तब भी नेष्टफल सूचक रहता है। यथा अवनति, मानहानि, अपवाद, स्थाननाश, विरोधाभास, कार्य व्यवसाय में न्यृता, हानि शरीर सुख में कमी तथा रोग शोक सहज बन पाता है। व्यर्थ कार्यो में गति, मतिविभ्रम, कोर्ट-कचहरी आदि में यापन, पारिवारिक अशांति, अशोभनीय वार्ता, राजकर्म-भाग्य पक्ष में न्यूनता का प्रारूप सहज बन पाता है। यदि जन्म में लग्न-पंचम-नवम भाव का स्वामी बनते ३-६-११ भाव स्थान में शनि स्थित हो तो उपर्युक्त कुफल में न्यूनता बन कर सुख सम्पदा वृद्धि तथा मनोत्साह, सुखद दिनचर्या-रात्रिचर्या बन पाती है-

चन्द्र बलाबल माह- चन्द्रमा शुक्लपक्ष की १० से लेकर कृष्णपक्ष की ५ तक परिपूर्ण कहलाता है। यवनाचार्यानुसार शुक्लपक्ष की १ से १० तक चन्द्रमा मध्य बली होता है तथा १० से लेकर कृष्णपक्ष की ५ तक पूर्ण बली होता है। एवं कृष्णपक्ष की ३० तक क्षीण बली होता है। शुभग्रह से दृष्ट हो तो सदा बली रहता है। **प्रश्न जन्मपत्रयोः शुभाशुभज्ञान-माह**-यदि शुभग्रह केन्द्र (१,४,७,१०) तथा त्रिकोण ९, ५ भाव में हो और पापग्रह अष्टम भाव छोड़ अन्य स्थानों में हो तो प्रश्नकर्ता की इच्छाओं की पूर्ति होगी।

समस्त शुभकार्यो मे वर्जनीय- जन्म नक्षत्र, जन्म मास, जन्म तिथि, व्यतीपात, भद्रा, वैधृतियोग अमावस्या तिथि, पिता माता के श्राद्ध दिन, तिथिक्षय, तिथिवृद्धि, क्षयमास, कुलिकयोग अर्धयाम अर्धप्रहर तथा महापात योग सभी शुभ कार्यो में वर्जनीय हैं। विष्कुम्भ तथा बज्रयोग की आदि ३ घड़ी (७२ मि.) परिघ योग का पहला आध, शूलयोग की आदि ५ घटी गण्ड अतिगण्ड योग की आदि ६ घटी सर्वथा त्याज्य है। ग्रहण गुरु, शुक्र के बाल वृद्ध अस्त दिन भी निषेध है। **सभी कार्यो में सामान्य लग्न शुद्धि-व्यायाष्टशुद्धौपचये लग्नगे शुभदृग्युते। चंद्रत्रिषड़दशायस्थे सर्वारम्भः प्रसिद्धयति॥**
भावार्थ-कार्य करने वाले के जन्म लग्न से या जन्म राशि से उपचय ३।६।१०।११ राशि के लग्न तथा लग्न से १२।८ स्थान शुद्ध (ग्रहों से रहित) लग्न पर शुभ ग्रह की दृष्टि अथवा युति तथा चन्द्रमा ३।६।१०।११ स्थान में हो तो ऐसे योग मे सभी कार्यो का करना शुभ होता है। शुभ ग्रह बुध, गुरु, शुक्र, चन्द्र तथा पाप ग्रह रवि, मंगल, शनि, राहु, केतु आदि है।

दिशाशूलदोषचक्रम्

पूर्व
चन्द्र शनि

उत्तर — मंगल बुध

दिशाशूल ले जावो
वामे राहु योगिनी पूठ।
सन्मुख लेवे चन्द्रमा
ल्यावे लक्ष्मी लूट॥

दक्षिण — गुरुवार

रवि शुक्र
पश्चिम

योगिनीवासचक्रम्

ईशान ८/३० — पूर्व १/९ — आग्नेय ३/११

उत्तर २/१०

योगिनी सुखदा वामे
पृष्ठे वांछितदायिनी॥
दक्षिणे धनहंत्री च
सन्मुखे मरणप्रदा॥

दक्षिण ५/१३

वायव्य ७/१५ — पश्चिम ६/१४ — नैऋत्य ४/१२

कालराहुचक्रम्

ईशान रवि — पूर्व शनि — आग्नेय शुक्र

उत्तर रवि

अर्कोत्तरे वायुदिशां च सोमे
भौमे प्रतीच्यां बुधनैर्ऋते च,
याम्ये गुरौवन्हिदिशां च शुक्रे
मंदे च पूर्वे प्रवदंति कालः

दक्षिण गुरु

वायव्य सोम — पश्चिम मंगल — नैऋत्य बुध

नक्षत्रशूलचक्रम्

पूर्व
ज्ये. पूषा. उषा.

उत्तर — पूफा. हस्त विशा.

आग्नेय पूर्व दिग्ज्ञेया
दक्षिणदिक् च नैर्ऋती।
वायवी पश्चिमादिक्
स्यादैशानी च तथोत्तरा॥

दक्षिण — ध. श. पूभा. उभा. रे.

श्र. रोहि. पु.
पश्चिम

यात्रा मे चन्द्र विचार

मषेच सिंहे धनुपूर्व भागे वृषेचकन्या मकरे च याम्ये। युग्मेतुलेकुँभसु पश्चिमायां ककर्लिमीने दिशिचोत्तरास्यां॥

अर्थ- मेष, सिंह, धनु पूर्व। वृष, कन्या, मकर, दक्षिण। मिथुन तुला कुंभ पश्चिमे। कर्क वृश्चिक मीन उत्तर।

फलम- सन्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसंपदा। पृष्ठतः प्राणनाशाय वामे चंद्रे धनक्षयः।

अर्थ- सन्मुख का चन्द्रमा धन दाता, दाहिना सुखदाता। पीठ का प्राणहर्ता और बायां धनहर्ता॥

विशेषः- गोकुलनाथ गोरक्षनाथजी के मतानुसार उपरोक्त यात्रा मुहूर्त्त प्राचीन समय से ही मान्य है। इस मुहूर्त्त को मुहूर्त्तराज कहा गया है। इन मुहूर्त्तों में यात्रा करने वालों को चन्द्रदोष, भद्रा, योगिनी, दिशाशूल, नक्षत्रशूल, काल, घातवार आदि किसी कुयोग का दोष नहीं होता है। यह स्वयं सत्यसिद्ध है। प्रथम बांयी तरफ १२ कोष्ठ में बारह मास के नाम दिये गयें है। नीचे तिथियां दी गई है। आगे मास तिथियों का फल दिया गया है। इसके पश्चात् ४ कोष्ठों में चार पहर का अलग-अलग फल दिया गया है। बाद में चार कोष्ठ में चारों दिशाओं का फल दिया गया है। मासों के नीचे दी गई तिथियां को मास के कृष्ण व शुक्ल दोनों पक्ष की समझनी चाहियें। इनमें १३, १४, १५/३० तिथियां नहीं दी गई है। अतः १३ तिथि का फल ३ तिथि के समान, १४ तिथि का फल ४ तिथि के समान, १५ तिथि का फल ५ तिथि के समान समझना चाहिए। अमावस्या में यात्रा करना वर्जित है। वल्लभ सम्प्रदाय के वैष्णव इसी को श्री गोकुलनाथजी का वचनामृत कहते है।

यात्रा मुहूर्त्तः- तिथिः- भद्रादि दोष रहित २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ एवं कृष्ण पक्ष प्रतिपदा। **नक्षत्रः**- अश्वि., मृग., पुन., पु., ह., अनु., श्रव., धनि., रेव. विशेष शुभ। रो., तीनों उत्तरा, तीनों पूर्वा, ज्ये., मू., शत. मध्यम। स्वा., कृति., आ., वि., चि., आश्ले., मघा, भर. आदि ८ नक्षत्र यात्रा में वर्जित है। **शुभ होराः**- चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र। **श्रेष्ठ चोघड़ियाः**- अमृत, चर, लाभ, शुभ। **शुभ लग्नः**- १, ४, ५, ७, ९, १०वें स्थान में शुभ ग्रह (सप्तम शुक्र नेष्ट)३, ६, १०, ११ स्थानों में पापग्रह हो (दशवें में शनि नेष्ट)। **शुभ चन्द्रः**- जन्मराशि से १, ३, ६, ७, १०, ११ वीं राशि का चन्द्रमा शुभ होता है तथा शुक्ल पक्ष में २, ५, ९वीं राशि का चन्द्रमा शुभ होता है।

गोरख पतड़ा (यात्रा मुहूर्त्त) श्री गोरखनाथ जी का वचनामृत

पौष	माघ	फाल्गु.	चैत्र	वैशा.	ज्येष्ठ	आषा.	श्राव.	भाद्र.	आश्वि.	कार्ति.	मार्ग.	तिथियों का फल	प्रहर १	प्रहर २	प्रहर ३	प्रहर ४	पूर्व दिशा	दक्षिण दिशा	पश्चिम दिशा	उत्तर दिशा
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	बहुत सुख और अर्थपूर्ण हो, क्लेश न हो।	अर्थ	सुख	शोक	सुख	सुख	क्लेश	भीति	द्र.लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	महाभय जीवहानि पछतावा हो सकुशल घर आवे।	भय	क्लेश	सुख	सुख	शून्य	नेष्ट	दारिद्र	समता
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	कामना सिद्धव अर्थपूर्ण हो सकुशल घर आवें।	लाभ	सुख	सुख	हानि	क्लेश	दुःख	इष्टला	धन प्रा.
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	क्लेश व जीव हानि, कुशल से घर न आवे।	क्लेश	लाभ	क्लेश	विना	लाभ	सुख	मंगल	श्री प्रा.
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	वस्तु लाभ हो, व्याधि व संकट कटे, मित्र मिलें।	संकट	क्लेश	भाग्य	सुख	लाभ	द्रव्यला	धनप्रा.	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	घर की चिंता, मित्र संकट हो, कदाचित घर आवे।	संकट	क्लेश	भय	अर्थ	भीति	लाभ	मृत्यु	अर्थला.
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	भाग्योदय, मित्र व साधनों की प्राप्ति, रत्नादि।	विलम्ब	लाभ	सुख	सुख	लाभ	कष्ट	द्रव्यला	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	बहुत बुरा हो, लेन-देन करना नहीं, जीव नाश हो।	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	कष्ट	सुख	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	कामना व आशा पूर्ण हो, सौभाग्य का उदय हो।	लाभ	भाग्य	मित्र	मित्र	सुख	लाभ	का.सि.	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	सौभाग्य प्राप्त हो, बहुत दिन लगे, यात्रा प्रवास।	लाभ	सम्पूर्ण	मरण	कुशल	क्लेश	कष्ट	अर्थ	श्री प्रा.
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	क्लश हो, जीव हानि नहीं, सौभाग्य पावे नहीं।	मरण	अर्थ	कुशल	मरण	मृत्यु	लाभ	द्रव्यला	शून्य
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	मार्ग में सिद्धि, मित्र मिलें, विघ्न मिटे, लाभ।	मरण	सुख	सुख	सुख	शून्य	सुख	मृत्यु	अतिक.

दिशाशूल परिहारः- रविवार को तांबुल, सोम को चंदन, मंगल को मट्टी, बुध को पुष्प, गुरू को दही, शुक्र को घृत, शनि को तिलदान कर यात्रा करने से दिशाशूल दोष नहीं लगता है।

शकुन विचारः- यात्रा के समय लोहा, तैल, घास, मठ्ठा, पत्थर, लकड़ी, बिलाव मिले तो अशुभ। दही, चांवल, चांदी, पानी का घड़ा, पुष्प, हंस तथा मुर्दा मिले तो शुभ।

वार शुलः- रात्रि में रवि, गुरू, शुक्र इन वारों का, दिन में सोम, मंगल, शनि इन वारों का दोष नहीं रहता।

विदिशाः- चन्द्रवास, दिशाशूलसमग व नक्षत्रशूल के विचार में आग्नेय कोण की पूर्व में, नैर्ऋत्य की दक्षिण में, वायव्य की पश्चिम में और ईशान की गणना उत्तर दिशा में की जाती है।

卐।। **श्रीमन् महामंगलमूर्त्तयेनमः।।**卐।। **श्री सरस्वत्यै नमो नमः।।**卐 **स जयति सिंधुरवदनो देवो यत्पादपंकजस्मरणम्। वासरमणिरिव तमसां राशीन्नाशयति विघ्नानाम्।। १।। दशावतारो भुवनैकमल्लो गोपांगनासेवितपादपद्मः। श्री कृष्णचन्द्रः पुरूषोत्तमोऽयं ददातुवः सर्व समीहितं मे।। २।। यं शैवाः समुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो, बौद्धाबुद्ध इति प्रमाणपटवः कर्तेति नैयायिकाः। अर्हन्नित्यथ जैन शासनरताः कर्मेति मीमांसका, सोऽयंवोविदधातु वांछितफलं त्रैलोक्यनाथोहरिः।। ३।। गणेशादीन् सुरान् सर्वान् नत्वा सूर्यादिखेचरान् तिथिवारादि-पंचांगकालमानं विलिख्यते।। ४।। यं ब्रह्मवेदान्तविदो वदंति परं प्रधानं पुरुषं तथान्ये विश्वोद्गतेः कारणमीश्वरं वा तस्मै नमो विघ्नविनाशनाय।। ५।। ग्रहा राज्यं प्रयच्छन्ति ग्रहाराज्यं हरन्ति च। ग्रहैर्व्याप्तमिदं सर्व त्रलोक्यं सचराचरम्।। ६।। स्वस्ति श्री भारत केसरी श्री इन्द्रप्रस्थपति श्री राष्ट्रपति महोदयाः।।** श्रीमन्त स्वस्ति श्री मन्मुकुटमणिः छत्रपतिः श्री **राजराजेश्वर** महाराजा श्री विक्रमादित्य महोदयाः श्रीमतां विजय राज्ये सज्योतिः "**श्री चंडांशु श्रीधर शिवलाल पञ्चाङ्ग**" सन्मान्य सुख्यातम्।। एवं कालक्रमेण अथास्मिन् वर्षे ब्रह्मणोदिनोदयात् **ब्रह्मणो गताब्दाः** १९७२९४९१२६ तथा च **बलिबन्धनतो गताब्दा** १९६०८८९१२६, **श्रीराम-रावणयुद्धतो गताब्दा** ८८०१६७, **कृष्णावतारतो गताब्दा** ५२५१ **कुरूपाण्डवयुद्धतो गताब्दा** ५१२६ एवं युगादि कालांश गति व्यवस्था विषयेऽपि **सत्ययुग प्रमाणं** १७२८००० **त्रेतायुग प्रमाणं** १२९६००० **द्वापर युग प्रमाणं** ८६४००० **कलियुग प्रमाणं** ४३२००० तन्मध्ये गतकलि वर्षाणि ५१२६ एवं विगणनया अनुक्रमे अवशेष **भोग्यकलि वर्षाणि** ४२६८७४ तथा च कल्कि अवतारः कलियुगस्य ८२१ वर्षाऽवशेष काले स्यात् एवं चतुर्युग व्यवस्था मतानुगते अनुक्रमणिका।।

卐 अथास्मिन् **विक्रमाब्दे २०८२ शाके १९४७** एवं देश स्वातंत्र्य वर्ष ७८-७९ गणराज्य वर्ष ७६-७७ तन्मध्ये दशाधिकारिणां मान्यता राजा **सूर्यः**, मंत्री **सूर्य**, सस्येश **बुधः** (पूर्व अन्नाऽधिपः) धान्येश **चन्द्रः** (पश्चादन्नाधिपः) मेघेश **सूर्यः**, रसेश **शुक्रः**, नीरसेश **बुधः**, फलेशः **शनिः**, धनेशः **भौमः**, दुर्गेश रक्षाऽधिपः **शनिः** एते वर्षमध्ये संवत्सरीय **दशाधिकारिणः**।। एवं गणनानुक्रमे विक्रमाब्द २०८१ मध्ये गुरुवत्सरादि विगणना नियामके संवत्सर संख्या **५३ सिद्धार्थीः** नामकीय संवतारंभे गतिशीलः तथा अनुपातिके सौर वर्षीय मानतः फाल्गुन शुक्ल पक्षः ८ कालांशतः संवत्सर संख्या **५४ रौद्रः** नामकीय गतिशीलः। **वर्षनाम मार्गशीर्षः** तथा च चतुर्मेघ गणना नियामके तू **संवर्त्तः** नामक संज्ञकीयः **रोहिणी निवास समुद्रः-संधि** संभागे एवं संहिता मतानुगते **समय निवास वैश्य** गृहे स्यात्। । **समय वाहन अश्वः** तथा च अंगारकीय भौम चतुर्थी १, सोमवती पंचमी १, सूर्य सप्तमी २, सूर्य दशमी १, सोमवती अमावस्या ०, बुधाष्टमी ०, शनैश्चरीय दृष्टिः रचना उत्तर दिशा मध्ये, बुधोदय आश्विन मासीय, उत्पत्ति विश्वा १२३, खपति विश्वा ७५, समय मुहूर्त्ताः ३७५, समय दिनानी ३५५, संवत् विश्वा १२, क्षय तिथयः १६, वृद्धि तिथयः ११ तथा च अगस्त्यः सिंहाऽर्कस्यसप्तांशे उदितं स्यात्।। **वर्षेस्मिन भारतवर्षीय भू संभागे** ग्रहण २ **द्वय चन्द्र ग्रहण दृश्यते। एवं वार्षिक ग्रहतिथ्यादि उपकरणानि।। श्रीरस्तु।। काले वर्षतु पर्जन्यः** पृथ्वी सस्य **शालिनी। देशोऽयं क्षोभ रहितो सुप्रजा सन्तु निर्भयाः।। अपुत्राः पुत्रिणः सन्तु पौत्रिणः संत्तुपौत्रिणः। अधनाः सधनाः सन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः।। एवं चराऽचर जड़ चेतनमूर्त्त अमूर्त्त वर्गादि विषये मानसिक शुभ संकल्पः सर्वेषां भूतलस्थानां जीवानां कृते सन्मान्य।। भारते भातु भारती।।** 卐 卐 卐 卐

अथाय व्ययौ (लाभ+खर्च) २०८२ विक्रमाब्दे

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
लाभ	१४	०८	१४	०८	११	१४	०८	१४	११	०५	०५	११
खर्च	११	०५	०२	१४	११	०२	०५	११	०२	०५	०५	०२

卐 लाभ खर्च फल विवेक 卐

लाभ खर्च के दोनों अंकों का योग करें १ घटावें तथा ८ का भाग देवें। यदि शेष १ रहे तो वर्ष में लाभ रहे, २ शेष में सौख्य प्राप्ति, ३ शेष में क्लेश, ४ में रोग, ५ में अपयश, ६ शेष में सन्मान, ७ शेष मे विजय, लाभ, ८ शेष में हानि, अपव्यय जानना चाहिये। ० शेष रहे तो भी ८ का फल जानना।

अथ विशेष शुभाऽशुभ ज्ञानाय विशिष्ट विंशोपकाः

▲ वर्षा विश्वा ११, धान्य ११, तृण ५, शीत १३, तेज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ११, तृष्णा ९, निद्रा १५, आलस्य १५, उद्यम १३, शांति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रसनिष्पत्ति ९, फल निष्पत्ति १३, उत्साह ११, उग्रता १३, पाप १५, पुण्य ५, व्याधि ५, व्याधिनाश ३, आचार ३, अनाचार ९, मृत्यु ७, जन्म १७, देशोपद्रव ७, देश स्वास्थ्य १३, चौरभय ३, चौरभयनाश १३, उद्भिज (वृक्ष लता बेलादि) १३, जरायुज (मनुष्य गौ आदि पशु) ३, अण्डज (पक्षी एवं विषजीव) ७, स्वेदज (जू खटमल मच्छर कीट) ११।

▲ **वर्षा विश्वा प्रमाण** ▲ प्रत्येक वर्ष में विंशोपक विश्वाफल गणितागत आते हैं। शुभाऽशुभ हीन वृद्धि फलाशय अनुपात नियम से समझना चाहिये। पूर्ण विश्वा २० होते हैं इसमें अधिकतम १७ विश्वा तथा मध्य ११ विश्वा एवं न्यून ५ विश्वा तक अनुपातिक समझें। तथापि अन्य ग्रज जनित योग-कुयोग का फलाशय भी विचारणीय रहता है। शास्त्र वचन एवं 'बहुविध संचिंत्यदेवज्ञै कथनीयं शुभाऽशुभम्'।

अभिजित मुहूर्त्त

प्रायः शोधित मुहूर्त्त तालिका में अभिजित मुहूर्त्त में कार्य करें एवं लिखा रहता है। उसका अर्थ यह है कि नित्य के १५ मुहूर्त्तों में आठवां ८ अभिजित् संज्ञक शुभफलद है। इष्ट दिन के दिनमान घटि पल को आधा करें तथा ढाई २।। भागित करके घंटा मिनट बनावें। इस दिनार्द्ध घंटा मिनट को सूर्योदय काल में जोड़ें, यह मध्याह्न काल होगा। इस मध्याह्न काल से २४ मिनिट पहले तथा २४ मिनिट बाद का समय अभिजित मुहूर्त्त है। इस मुहूर्त्त वेला का प्रयोग बुधवार के दिन शास्त्र सम्मत नहीं तथा अन्य वारों में कार्य प्रसाधना योग्य।

०७	१२	०१	१४
०२	१३	०८	११
१६	०३	१०	०५
०९	०६	१५	०४

सद्बिुद्धिप्रदे देवि भुक्ति-मुक्ति प्रदायिनी।
मंत्रपूते सदा देवि महालक्ष्मी नमोस्तु ते।।
नमस्तेऽस्तु महामाये श्रीपीठे सुरपूजिते।
शंख चक्र गदाहस्ते महालक्ष्मी नमोस्तु ते।।

बही खाता निर्माण वा आनयन मुहूर्त्त

(१) स्वस्ति शुभ संवत् २०८२ आश्विन शुक्ल पक्ष १ सोमवार उत्तराफाल्गुनी/हस्त नक्षत्र तारीख २२-०९-२०२५ ई.
(२) आश्विन शुक्ल पक्ष ३ बुधवार चित्रा नक्षत्र तारीख २४-०९-२०२५ ई.
(३) आश्विन शुक्ल पक्ष १० गुरूवार उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दिवा ०९।१३ तक रवियोग तारीख ०२-१०-२०२५ ई.
(४) कार्त्तिक कृष्ण पक्ष २ बुधवार अश्विनी नक्षत्र तारीख ०८-१०-२०२५ ई.
(५) कार्त्तिक कृष्ण पक्ष ९ बुधवार पुष्य नक्षत्र दिवा १०।३४ से १२।०० तक तारीख १५-१०-२०२५ ई.
(६) कार्त्तिक कृष्ण पक्ष १२ शनिवार दिवा १२।२० से धनतेरस पर्व तारीख १८-१०-२०२५ ई.
(७) कार्त्तिक कृष्ण पक्ष ३० मंगलवार दीपावली पर्व तारीख २१-१०-२०२५ ई.

माघी गुप्त नवरात्रि: माघ शुक्ल पक्ष १ सोमवार तारीख १९-०१-२०२६ ई. प्रात: ०७।३१ से ०८।५० तक अमृत वेला, दिवा १०।१० से ११।२९ तक शुभ वेला, दिवा १२।२७ से ०१।१० तक अभिजित वेला में पूजन एवं घटस्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा।

होलिका दहन मुहूर्त्त: फाल्गुन शुक्ल पक्ष १४ सोमवार तारीख ०२-०३-२०२६ ई. को सायं ०६।३६ से ०९।०० तक होलिका दहन करना श्रेष्ठ रहेगा। जलती हुई होली में विभिन्न नवग्रह दोषो के शमन तथा सुख शान्ति समृद्धि हेतु विशेष मुहूर्त्त में तैयार की गई श्रीधरी नवग्रहशान्ति धूप स्टिक ९ नग, कपूर, गुगल अवश्य डालें। संपर्क सूत्र-मो. 09462504750

।। ॐ श्री गणेशाय नमः।।
श्री वर्ष लग्नम् ०४।१२

भैरव भवानी-संवाद

।। ॐ श्री सरस्वत्यै नमः।।
श्री वर्षेश लग्नम् १०।००

श्री जननी जगदम्बिका, आप विश्व प्रतिपाल। शुभागमन नववर्ष का, विविध योग श्रीपाल।।
अम्बाजी कहे ज्ञान से, सुनिये भैरव मंत्र। जीव प्रजा का कर्मफल, श्रीधर पत्र सुतंत्र।।
सुनो देव! इस सत्र में, श्री भास्कर रविराज। राजतंत्र में विग्रह बनें, गणना नहीं स्वराज।।
सूर्यदेव मंत्री पदे, लक्षण नहीं सुख देश। नीति राज अभिनव गति, लोकतंत्र आदेश।।
अदल-बदल नेता करे, पद प्रलोभ नव लक्ष। देश तत्व की न्यूनता, महिमा स्वार्थ सुदक्ष।।
नेता शासक दलपति, विग्रह विविध प्रकार। दल सत्ता नव चेतना, प्रजा तंत्र अभिसार।।
रोहिणी वास संधि गति, पति मेघ शनि कक्ष। संवत् वासा वैश्य घर, नहीं सुभिक्ष आलक्ष।।
मेघ गाज नभ गर्जना, लक्षण विविध प्रकार। देश-दिशा भू-भेद से, न्यूनाधिक संसार।।
सस्य धान्य नायक अभी, बुध चन्द्र अधिकार। हरित श्वेत क्रांति गति, कृषि क्षेत्र प्रतिचार।।
मेघ पति रवि देवता, दशाधिकारी संग। कृषि खेत खलियान में, उन्नत मानस संग।।
उत्पादन नव योजना, कृषि पक्ष में विस्तार। ऋण प्रदान शासन गति, नीति नव संचार।।
रस नीरस के श्री पति, शुक्र बुध का कक्ष। द्रव्य तेल रस धान्य में, मानस लाभ विपक्ष।।
फल स्वामी शनि देवता, सुख सुभिक्ष गति मंद। उत्पादन की न्यूनता, ऋतु सहित दुःख द्वन्द।।
शनि देव रक्षा पदे, धनाधीश श्री भौम। व्यय विशेष की धारणा, अर्थतंत्र गति होय।।
श्रीधर देखो कथन फल, पण्डित श्री आशीष। श्रीराधा कृष्ण सन्नाम से, सानन्द रहे चहुंदीश।।

प्रमुख त्यौंहारों के पूजनादि शुभ मुहूर्त्त

चैत्री बसंत नवरात्रि: चैत्र शुक्ल पक्ष १ रविवार ता. ३०-०३-२०२५ ई. प्रात: ०८।०७ से दिवा ०१।०७ तक चंचल समगतिक, लाभ-अमृत अभिजित वेला में दुर्गा पूजन एवं घटस्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा।

आषाढ़ी गुप्त नवरात्रि :- आषाढ़ शुक्ल पक्ष १ गुरूवार ता. २६-०६-२०२५ ई. प्रात: ०५।५१ से ०७।३३ तक शुभ वेला, दिवा १०।५८ से ०४।०५ तक चंचल समगतिक, लाभ, अमृत, अभिजित वेला में पूजन एवं घट स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा।

रक्षाबंधन पर्व मुहूर्त्त :- श्रावण शुक्ल पक्ष १५ शनिवार ता. ०९-०८-२०२५ ई. दिवा ०७।४९ से ०९।२७ तक शुभ वेला, १२।१७ से दिवा ०५।३७ तक अभिजित, चंचल समगतिक, लाभ, अमृत वेला में रक्षासूत्र बंधन श्रेष्ठ रहेगा।

श्रीगणेश पूजन मुहूर्त्त:- भाद्रपद शुक्ल पक्ष ४ बुधवार तारीख २७-०८-२०२५ ई. को मध्याह्न में श्रीगणेश जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शास्त्रानुसार श्रीगणेश पूजन का श्रेष्ठ समय मध्याह्न काल (वृश्चिक लग्न सहित) माना गया है। वृश्चिक लग्न दिवा १२।२३ से ०२।३९ तक गणेश पूजन श्रेष्ठ रहेगा।

आश्विन शरद नवरात्रि :- आश्विन शुक्ल पक्ष १ सोमवार ता. २२-०९-२५ ई. का प्रात: ०६।३० से ०८।०० तक अमृत वेला, दिवा ०९।३० से ११।०० तक शुभ वेला, दिवा १२।०६ से १२।५५ तक अभिजित वेला में पूजन एवं घटस्थापना श्रेष्ठ रहेगा।

श्री कुबेर पूजा, धनत्रयोदशी पर्व शुभारंभ-श्री संवत् २०८२ कार्त्तिक कृष्ण पक्ष १२ शनिवार मानक रचना अनुसार तारीख १८-१०-२०२५ ई. सायं प्रदोष वेला यमदीपदानं एवं श्री पूजन ०६।०३ से ०८।३५ पर्यन्त श्रेष्ठ रहेगा।

श्री महालक्ष्मी पूजन मुहूर्त्त वेला संवत् २०८२

▲ ***श्री महालक्ष्मी पूजा दीपावली-दीपोत्सव पर्व मुहूर्त वेला***- श्री शुभ संवत् २०८२ कार्त्तिक कृष्ण पक्ष ३० मंगलवार तिथि मानक रचना अनुसार तारीख २१-१०-२०२५ ई. दिवस वेला पर प्रालेपन गादी स्थापना-स्याही भरना-कलम दवात संवारने हेतु शुभ चौघडिया काल समय अनुसार दिवा ०९। ३३ से १०। ५८ तक चंचल वेला समगतिक मान्य, दिवा १०। ५८ से ०१। ४७ तक लाभ-अमृत वेला, दिवा १२।०० से १२।४५ तक अभिजित वेला, दिवा ०३।११ से ०४।३६ तक शुभ वेला में श्रेष्ठ रहेगा। **श्री पूजन मुहूर्त**- दैनिक लग्न विगणना मान्यता अनुसार सायं गोधूलि प्रदोष वेला का समय मानक सायं सूर्यास्त समय ०६।०० से ०८।३३ रात्रि पर्यन्त तथा स्थिर संज्ञक वृषभ लग्न वेला सायं समय मानक ०७।२५ से ०९।२२ रात्रि पर्यंत तथा अर्धरात्रि स्थिर संज्ञक सिंह लग्न वेला मध्य रात्रि ०१।५३ से ०४।०८ पर्यंत एवं इस सिंह लग्न में कनकधारा स्तौत्र का पठन पाठ विशेष श्रीकारक सिद्ध होता है। प्रकारांतर से पूजन समय परिहार समाधान सूचक वृश्चिक स्थिर लग्न प्रात: ०८।४५ से ११।०२ तक, स्थिर संज्ञक कुंभ लग्न दिवा ०२।४९ से ०४।१९ पर्यंत की समय मान्यता भी सामान्य पक्ष अनुसार व्यवहार जनक है। ▲ ***श्री रोकड़ मिलान लेखन कार्य***- श्री नवकार्य शुभारंभ हेतु कार्त्तिक सुदी १ बुधवार प्रतिपदा तिथि मानक एवं ता. २२-१०-२०२५ ई. प्रात: ०६।४४ से ०९।३३ तक लाभ-अमृत वेला, दिवा १०।५८ से १२।२२ तक शुभ वेला, श्रीकार। ▲ ***श्री शासकीय लेखाबही लेखन कार्य***- (१) चैत्र बदी १ बुधवार उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र प्रात: ०७।३९ से ता. ०४-०३-२०२६ ई. (२) चैत्र बदी २ गुरूवार उत्तराफाल्गुनी/हस्त नक्षत्र ता. ०५-०३-२०२६ ई.। श्रीसुक्तम् एवं कनकधारा स्तौत्र पुस्तक मंगवाना हेतु मो. नं. 09462504750 किशनगढ़ (राज.)

आद्य प्रणेता पं. श्रीधर शिवलाल जी, प्रकाशक एवं मुद्रक पं. इन्द्रमोहन गौड़, पौत्र स्व. पं. महावीर प्रसाद जी गौड़, अध्यक्ष-ज्ञानसागर छापाखाना किशनगढ़ (राज.)

MANAV ASTRO & VEDIC 8586094945 , 8302680069

अथवर्षफलं संवत्सर राजामन्त्री दशाधिकारिणां प्रतिफलं लिख्यते सं.२०८२

प्राप्तेनूतन वत्सरे प्रतिगृहे कुर्यात् ध्वजारोपणं स्नानं मंगलमाचरेत् द्विजवरै सार्धं सुपूजोत्सवम्। देवानां गुरूयोषितां च शिशवोऽलंकार वस्त्रादिभिः, संपूज्यो गणकः फलं च श्रृणुयात्त स्माच्चलाभप्रदम्।। १।। राज्यं स्यादचलं नृपश्रवणतो मंत्रिश्रवात्कौशलं धान्येशात्कमलास्थिरा च सुरसा वाणी भवेन्मेघपात्। धर्मैबुद्धिरति-स्थिरा रसपते दीर्घायुप्राप्ति-र्भवेत्सस्येशाद्विमला यतः शुभकारी राजा वलिः श्रूयताम।। २।। सरस्वतीं च दैवज्ञं पूजयित्वा विनायकं दैवज्ञ मुखतो भक्त्या श्रृणु वर्षफलं मुदा।। ३।। गणेशादीन् सुरान् सर्वान् नत्वा सूर्यादि खेचरान् संवत्सरफलं वक्ष्ये सर्वेकामार्थ सिद्धये।। ४।। अथ स्वस्ति श्री मन्नृपति विक्रमार्क राज्य समयातीत संवत् २०८२ राष्ट्रीय शाकेः १९४७ तन्मध्ये श्री सिद्धार्थी-५३+रौद्र नाम ५४ संवत्सरस्य फलम् श्री सिद्धार्थी नाम संवत्सरे प्रतिफलम्-सिद्धार्थवत्सरे भूयोज्ञान वैराग्ययुक्प्रजाः। सकला वसुधाभाति बहुसस्यार्घवृष्टिभिः।। तथा च श्री रौद्र नाम संवत्सरे प्रतिफलम्-रौद्रेब्दे नृपसंभूतक्षोभक्लेशसमानिने; सततंत्वखिलालोकामध्य सस्यार्घ कष्टयः।।

भावार्थ- इस अभिनव विक्रम संवत् श्री सिद्धार्थी एवं रौद्र नामकीय संवत्सर की गणना से प्रभावशील बना है। तदनुसार संहिता प्रतिफल-सिद्धार्थी नाम संवत्सरे का प्रतिफल यहकि-राजनीति राजतंत्र नवीन गतिविधि का सूत्रपात तथा राष्ट्रीय हित में आचार विचार निर्णय बनते सबल सफल लोकतंत्र राज्य गरिमा का स्वरूप बनें तथा जनसमाज में संक्रामक आदि व्याधि का चलन कलन विशेषकर बन पावें तथा चौर्यकर्म ठगी-लूटपाट-हिंसाजनित विशेष गतिविधि की रचना से भय व्याप्त होवे। भ्रष्ट आचरणशील दल संघटक नेता नायक स्वाभाविक रूप में पराभव पतन का प्रतिफल प्राप्त कर पावें। देश विदेश के राष्ट्र नायक आंतक एवं देशद्रोही समुदाय के उन्मूलन पलायन विनाश हेतु सामुहिक रूप से तत्पर क्रियावान रहेगें। राष्ट्रीय स्तर पर विविध जनकल्याणक मांगलिक योजनाओं का सूत्रपात बने एवं निर्धन मध्यम जन वर्ग समुदाय के विकास उत्थान हेतु अनेक प्रकार के जन कल्याणक रचनात्मक कार्यक्रम का श्रीगणेश बन पावें। श्री रौद्र नाम संवत्सरे का प्रतिफल यह कि देश दिशा भूसंभाग में कहीं विशेष वर्षा सजल बाढ़ रूपक रचना तथा किसी देश संभाग में सामान्य तथा कतिपय भागों में सामान्य से न्यून वर्षा गति। सजल विशेष तथा अल्प जल गति से दुर्भिक्ष की अभिवृद्धि, राष्ट्रीय, उत्पत्ति-उत्पादन एवं विविध औद्योगिक विकास में अनुपातिक न्यूनता बनें। राष्ट्रनायक, राजनैतिक दलों में आपसी मनमुटाव विरोध का चलन कलन बनें। चौर्यकर्मशील द्वारा ठगी, लूटपाट, हिंसा जनित, विशेष गतिविधि की रचना से भय व्याप्त बनें। केन्द्र शासन सरकार पर विविध समस्या का स्वरूप असामयिक विघटित बने साथ ही राष्ट्रीय अखण्डता विषयक त्रोटक का प्रारूप प्रतीत होवें। विविध प्रान्तीय सरकार स्तर पर भी सुयोगद विकास एवं व्यवस्थित कार्य रचना का प्रारूप नहीं बन पावें। विशिष्ट अधिकारी वर्ग, सचिव, राजपत्रित अधिकारी, राजदूत, अधिशासी अभियंता विविध योजना आयोग के अध्यक्ष आदि पर प्रताड़ना विघटित बन पावें। केन्द्र शासन में वैचारिक गतिरोध तथा नायक नेतागण अशोभनीय व्यवहार गतिरत बन पावें। आतंकवाद हिंसा का गतिक्रम चरितार्थ रहे।

वर्षेश राजा-सूर्यः तत् फलम्- सूर्ये नृपे स्वल्प जलाः पयोदाः धान्यं तथाऽल्पं फलमल्प वृक्षाः। अल्प प्रयोगेषु जनेषु पीड़ा चौराग्नि शंका च भयं नृपाणाम्।। मेघा स्वल्पोदका धान्यं स्वल्पं स्वल्पफलां द्रुमाः। चौराग्नि भूपति भास्करे भूपतौ सति।।१।।

• **भावार्थ-** इस वर्ष का प्रमुख अधिनायक पदभार राजा पद विश्व प्रबोधक सूर्यनारायण के हस्तगत बना है। संहिता सूत्रानुसार इनके प्रभाव से फल, फूल, कृषि उत्पादन, साग, सब्जी आदि कन्दमूल उत्पत्ति पैदावार में श्रम साधना विशेष की रचना एवं व्यवधान बन पावें तथा कृषि विकास प्रसाधना हेतु विशेष साधना कार्य प्रभार गति की परिस्थिति बन पावें। भूमण्डलीन तपन परिताप में विशेषकर अभिवृद्धि एवं अग्निवात प्रसार जनित कुयोग साथ ही जंगल, वन सम्पदा में क्षति, विस्फोटक परिस्थिति का प्रतिफल प्रतीत होवें। यातायात, असुविधा, मार्ग अवरोध, दुर्घटना, विघटन तथा हरण-करण का प्रारूप विशेषकर रहे। लूटपाट, चौर्यकर्म गति में अभिवृद्धि में जन मानस मध्य यातना, प्रपीड़ा का अनुभव बनें। पशुवर्ग एवं जन समाज मध्य संक्रामक आदि-व्याधि का चलन-कलन और विविध संज्ञा के बुखार, ज्वर, अतिसार, नेत्र व्याधि, अस्ति भंग, चोट-मोच त्रोटक आदि से यातना का प्रारूप सहज भाव से चरितार्थ होवें। साथ ही शासन तथा प्रजा गण के मध्य विरोधाभास आन्दोलन आदि की संरचना बन पावें। राष्ट्रीय राजनेता दलनेता नायक एवं विविध संभागीय दिशा-निदेशक मध्य वैचारिक द्वन्द मतभेद-विभेद से विषम परिस्थिति की गतिविध तथा सत्ता संघर्ष, परिवर्तन, गठबंधन, राजतंत्र में न्यूनता आदि उपलक्षण भी बन पावें।

वर्ष मन्त्री सूर्यस्तस्यफलम् -रविरमात्ये भुवि रोग पीड़ा देशेषु सर्वत्र चरन्ति तीड़ा। रसेषु धान्येषु महर्धता स्याच्छलानि लोके च सुरा विनाश्या।।२।।

भावार्थ-इस वर्ष का प्रधानमंत्री पदभार विश्व प्रबोधक, सूर्यनारायण के हस्तगत बना है। संहिता सूत्र फलाशय यह कि जनमानस के मध्य नित्य की दिनचर्या रात्रिचर्या में व्यवधान बनें, व्यावहारिक दृष्टिकोण से अथवा स्वास्थ्य आरोग्य विषयक, न्यूनतावश जीवन गतिक्रम में विबाधा एवं स्त्री-पुरूष, बाल, युवक, वृद्ध में शारीरिक तथा मानसिक प्रपीड़ा में सहज भाविक अभिवृद्धि। नेत्र, अस्थि, मस्तिष्क, ज्वर, पित्त जनित विकार आदि का उद्भव तथा वाहनादि से संघात चोट, मोच आदि का प्रतिफल विशेषकर चरितार्थ बनें। कृषि सम्पदा उत्पत्ति-उत्पादन में कृमि, जन्तु, विषाक्त कीट, टिड्डी आदि में विबाधा एवं पर्यावरण ऋतु जनित विषमतावश भी कुप्रभाव बन पावें। रस वर्गीय पदार्थ एवं नित्य उपयोगी दलहन-तिलहन धान्य आदि में उन्नत भाव की रचना तथा आपूर्ति हेतु शासन प्रशासकीय विभाग को श्रम साधना विशेष बनें एवमेंव राजनेता, दलनेता, जननायक, अनुशासक, अधिशाषी, अभियन्ता वर्ग में दैविक, सात्विक सम्पदा की न्यूनता तथा आसूरी-तामसी स्वार्थ परायण मनोवृत्ति का चलन-कलन विशेषकर बन पावें। चौपाया पशुधन परिपालन में श्रम साधना विशेष एवं विविध रोग व्याधि का चलन-कलन बनते पशुधन हानि।

सस्येश बुधः तथा धान्येश चन्द्रस्तस्यफलम् -सजला वसुधा सर्वा भय नाशः सुखी जनः चणकादीनि धान्यानि सस्यानामधिपे। चन्द्रे धान्यश्वरे धान्यं सुलभं जायते दखिलम। द्विजगोकुल वृद्धिश्च राजानों मुंदितास्तथा ।।३-४।।

भावार्थ-प्रथम खरीफ फसल के स्वामी चन्द्रसुत बुधदेव को प्राप्त है तथा शीतकालीन रबी फसल के अधिपति अमृत रश्मि प्रसारक चन्द्रदेव के हस्तगत बना है। दशाधिकारी संसद चयन में सस्य धान्य पद विभाग सौम्य संज्ञा के ग्रहो के अधिकार में बना है। यह जीव प्रजा के भाग्य से सुखद है, सुख संचारक प्रतिफल सूचक है एवं प्रतिफल यह कि कृषि विकास तथा कृषि उपकरणो हेतु शासकीय सुविधा योगदान विशेषकर प्राप्त होवे। राष्ट्रीय बैंक माध्यम से हरित श्वेत क्रांति विकास अभियान गत आर्थिक मद ऋण प्रदायगी-अदायिगी सुविधा में विशेष अभिवृद्धि। कृषि विश्वविद्यालय की नीति-निदेशक अधिनायक गण नवीनतम कृषि रचना विकास प्रक्रिया विधि का सन्मार्ग प्रचारित करने में सक्षम रहेगें। कृषक समुदाय में अभिनव कृषि प्रणाली ज्ञान-विज्ञान विकास हेतु शासकीय कृषि भवन मंत्रालय द्वारा प्रचार-प्रसार का योगदान एवं समुन्नत फसल सुरक्षा के लिए उत्तम बीज तथा कीटनाशक नवीनतम औषधि रासायनिक पदार्थ द्रव्य उपकरणों का चरितार्थ बनें

मेघेश सूर्यस्तस्य फलं- सूर्ये मेघाधिपतेः जाते स्वल्पतोय प्रदाघनाः। स्वल्पं धान्यं भवेल्लोके भयं च भूतले सदा।।५।।

भावार्थ- इस वर्ष मेघ पर्जन्य नायक पदभार विश्व प्रबोधक सूर्यनारायण के हस्तगत बना है। संहिता प्रतिफल यह कि मेघ मण्डल मानसून की रचना तो विशेषकर बनें, परन्तु जलवृष्टि की संरचना जलधारा वेग सुवेग में न्यूनता तथा पर्यावरण जनित विकार विशेष गतिशील बनते भूमण्डलीय तापमान परिताप में विगत समय अपेक्षा अनुपातिक अभिवृद्धि एवं राष्ट्रीय जल समस्या समाधान में न्यूनता तथा जलप्रदायगी वितरण प्रणाली हेतु प्रान्तीय स्तर पर वैचारिक गतिरोध एवं जन आन्दोलन परिदृश्य की रचना बन पावें तथा जल विषयक समस्या का गतिक्रम बनें।

रसेशः शुक्रः तथा निरसेश बुधस्यफलं- सुगंधवस्तूनि सिते रसेशे निर्गन्ध वस्तूनि रसादिकानि। क्षीराणी सर्वाणि च कन्द मूल फलानि पुष्पाणि बहुनि तानि।। चित्र वस्त्रादिकं चैव शंख चन्दन पूर्वकम्। अर्द्य वृद्धि प्रजायेत नीरसेशो बुधोयादि।।६-७।।

भावार्थ- इस वर्ष रसनायक पदभार दैत्यगुरू शुक्रदेव को तथा नीरसेश पदभार सैन्य नायक बुधदेव को प्राप्त हुआ है। संहिता फलाशय यह कि रस वर्गीय पदार्थ वस्तु का उत्पादन समुचित बनें। इत्र, सुगंधित तेल, स्प्रै, दूध आदि कार्य व्यवसाय में लाभद श्रीकार। चन्दन, कपूर, गुलाब, केवड़ा, चमेली आदि के पुष्प विशेष उत्पन्न होवें। कन्द पदार्थ यथा अदरक, रतालू, प्याज, आलू, लहसुन, शकरकन्द, अरबी, मूली, गाजर, जमीकन्द, सूरण आदि की पैदावार भी सार्थक बन पावें। चन्दन, सूत, कपास, वस्त्रादि के भावों में उन्नत धारणा। मोती, सीप, शंख आदि का कार्य व्यवसाय लाभद बनें। विविध फलों की उत्पत्ति उत्पादन में जन मानस की अभिरूचि विशेष बनें। फल व्यवसाय कारक वर्ग को सुलाभ निर्यात में अभिवृद्धि। साथ ही पेट्रोल,डीजल, क्रूड आयल, विविध खाद्य तेल की आपूर्ति में राष्ट्रीय नीति-रीति सार्थक फलद बन पावें।

फलेश शनिस्तस्यफलंः-यदि शनिः फलहा भवेज्जनित पुष्प गणस्य द्रुमः सदा। हिम भयं वरतस्कर जन्तु भीर्जन पदो गदराशि महाकुला।।८।।

भावार्थ- इस वर्ष के फलपति नायक पद भार मंद गति प्रदान शनिदेव के हस्तगत ही बना है। प्राकृतिक नियामक से शनि फलपति बनने पर सुकाल से दुष्काल की रचना बन पाती है। विविध पौधे वृक्ष लता बेलादि में पुष्प विकास उद्भव तो बनेगा परन्तु निष्फलता विखण्डन निपात आदि की रचना ही सहज बन पावें। हिम तुषार प्रपात वायु वेग विशेष तथा शीत जनित प्रक्रिया एवं ऋतु जनित विषमता से उत्पादन में न्यूनता बनें। विविध फल फूलो के व्यापार व्यवसाय में तेजी का गतिक्रम सहज भाव से बनेगा। तस्कर चौर्यकर्मशील प्रधान वर्ग आदि से भी जनमानस तथा जीवनीय सुख संतोष की रचना न्यूनता बनें।

धनेश भौमस्तस्यफलं- असममोल्यकरो धरणी सुतः शरदितापकरस्तुष धान्यहृत। सहसिमासि भवेद्विगुणं तदा नरपतिर्जन शोक विधायकः।।९।।

भावार्थ- इस वर्ष के धनसम्पदा, वित्त विभाग का कार्यभार पद भूमिसुत मंगलदेव के हस्तगत बना है। इनके नैसर्गिक प्रभाव से राष्ट्रीय एवं विश्वव्यापी अर्थवित्त तंत्र में नवीन नीति-रीति का सूत्रपात आर्थिक संतुलन में विषमता विबाधा तथा मुद्रा कोषालय बैंक आदि में अभिनव व्यवस्था नीति सूत्र आचरण संहिता का निर्धारण चरितार्थ बनें तथा आर्थिक वित्त तंत्र विषयक गोलमाल घोटाला काण्ड आदि की रचना प्रायः बनें एवं जनमानस में आर्थिक लेन-देन धन व्यवहार में न्यूनता का असर भी बनेगा। विश्व बैंक तथा ऋण अनुदान धन प्रदाता केन्द्र आदि में व्यवहारिक विषमता का प्रारूप एवं व्यापार व्यवसाय में विबाधा बनते आयात-निर्यात व्यवहार गति में समयोचित प्रतिफल लाभांश में न्यूनता बने। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष विकास संघ विश्व बैंक आदि की मनोत्साहवृत्ति धारणा भारत भूभाग हेतु मनोत्साहवर्धक सहायक सहयोगात्मक प्रतीत नहीं होवें। राष्ट्रीय टेक्सकर नीति-रीति में अभिवृद्धि एवं भारतीय जनमानस में आक्रोश की रचना विभावना बन पावें तथा कर संग्रह हेतु भी नवीन आचरण नीति नियामक की रचना चरितार्थ बनें।

दुर्गेश रक्षानायक शनिस्तस्य फलम्- रवि सुते गढ़ पालिनी विग्रहे सकल देशगताश्चलिता जना। विविध वैरि विशेषित नागराः कृषिधनं शतभैर्मुषितं भुति।।१०।।

भावार्थ- इस वर्ष का रक्षा नायक जल-थल-नभ आदि का कार्य प्रभारक शनिदेव को प्राप्त हुआ है। इनके प्रभाव से देश-देशान्तर में हिंसक वार्ताओं में गतिमति विशेष आतंकवादी मनोवृति में अभिवृद्धि एवं अशांति अराजकता का विस्तार बनें। विविध विस्फोटक कार्य रचना से जनधन की क्षति एवं जन मानस में भय आपदा चरितार्थ बनें। साथ ही देश-विदेश भू-संभाग में सीमा विवाद सैन्य संघर्ष राजनैतिक पद पतन पराभव की रचना बने एवं जन मानस आरक्षण, भाषा, भूषा, जाति, धर्म, प्रान्त विभेद आदि विषयक को लेकर विवाद विग्रह आन्दोलन आदि कुचक्र से ग्रसित बन पावें। अभिप्रायः यह कि विश्वव्यापी शांति सुरक्षा सुभिक्ष उत्पादन एवं जनकल्याणक योजना विकास रचना में न्यूनता रहें।

वर्षनाम मार्गशीर्षस्तस्य फलम्- सौम्य वर्षत्वल्पवृष्टि सस्यहानिरनेकधा। राजानो युद्ध निरताश्चन्योन्यं वधकांक्षिणः।।

भावार्थ- यह विक्रम वर्ष बृहस्पति चलन कलन नियामक से मार्गशीर्ष संज्ञा का वर्ष चरितार्थ है फलाशय यह कि मार्गशीर्ष संज्ञा का गुरूवत्सर नेष्टफल सूचक हिंसक तत्व की अभिवृद्धि तथा कतिपय राष्ट्रनायको में पारस्परिक मतभेद वृद्धि बनते युद्ध द्वन्द नरसंहार अस्त्र-शस्त्र सैनिक गतिविधि चरितार्थ बनें। विश्वव्यापी अर्थतंत्र हेतु विश्व स्तर पर नवीन अर्थ नीति रीति योजना का सूत्रपात बनें।

रोहिणी निवास सन्धि भागीय तत् फलम्- खण्ड वृष्टिश्च सन्धिषु।

समय निवास वैश्य गृहे-तत्फलम्- खण्डवृष्टिः सर्वधान्यमहर्घं स्याद् वणिगवेश्मनि संस्थिते। चतुर्मेघ नाम संवर्त्त संज्ञकीय स्यात्संवर्त्तो जल पूरितः।।

भावार्थ-रोहिणी रमण गणना चक्रानुसार रोहिणी निवास सन्धि भाग का तथा वैश्य सदन संवत् निवास तथा चतुर्मेघ गणना नियामक अनुसार संवर्त्त संज्ञा का मेघ गतिशील रहेगा। इन उपकरण रचना अनुसार मेघगाज प्रवर्षण रचना मानसून संचार ऋतु गर्जना देश भू-भेद से न्यूनाधिक खण्ड गतिक रचना। आंशिक संभाग में सजल रूप तथा विशेषकर भूसंभाग में खण्डः सामान्य गतिक रचना रहें।

नील मेघानामः फलम्- सस्पयोदिशतिगोकुलपूर्णवस्त्रताखिलम् मही परिपूर्णा। नीलनाम्नि जल देव जल वृष्टिर्जायते सकल मानवतुष्टि।।

भावार्थः- नवमेघ गणना चक्रानुसार गणितागत इस वर्ष नील नाम संज्ञा का मेघ ही बना है। वर्ष शास्त्रानुसार वर्षा की दृष्टि से अनुकूल रहे। मेघ गाज प्रवर्षण रचना संचार ऋतु गर्जना समायोचित एवं अनुकूल सार्थक फलद बन पावें। नद-नदियों जलाशय सरोवर कूप बांध आदि का प्रारूप आनुपातिक पूरक बनते जल समाधान बने। कृषि विकास उत्पादन में वृद्धि दुग्ध उत्पादन अनुकूल बनें।

वर्षेऽस्मिन् स्तम्भ चतुष्के-जल+तृण+वायु+अन्न इन ४ स्तंभ का गणितागत प्रतिफल यह कि चैत्र सुदी १ प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का भोग ८१ प्रतिशत आसन्न जल स्तम्भ का पूर्णतया बना है। वैशाख सुदी १ प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का भोग १०० प्रतिशत होने के कारण तृण स्तम्भ पूर्ण बना है। ज्येष्ठ सुदी १ प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र का भोग ११ प्रतिशत होने के कारण वायु स्तम्भ का मानक न्यून बना है। आषाढ़ सुदी १ प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का भोग २२ प्रतिशत होने के कारण अन्न स्तम्भ का मानक सामान्य न्यून बना है। इसके अनुसार जल-तृण नामक संज्ञा की उपलब्धता प्रभावशील रहेगी एवं वायु तथा अन्न नामक संज्ञा के स्तम्भ सामान्य रहेगें।

वर्ष रक्षार्थे चत्वारि दुर्गाणि आरक्षण तंत्र-वर्ष में गोचर ग्रह जनित कुयोग निवारण हेतु तथा सुयोग अभिवृद्धि विषयक ४ आर्षमान दुर्ग स्तंभ का गतिक्रम यह कि (१) वैशाख सुदी ३ को रोहिणी नक्षत्र का भोग ६४ प्रतिशत है यह उपलक्षक सुभिक्ष रचना हेतु शुभ उत्तम उपलक्षक मान्य है (२) श्रावण सुदी पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का भोग ६६ प्रतिशत होने से यह भावी उत्पत्ति उत्पादन हेतु शुभ उत्तम उपलक्षक मान्य है (३) कार्त्तिक सुदी पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का अभाव है यह भावी शीतकाल हेतु शुभसूचक नहीं है (४) पौष बदी अमावस्या को मूल नक्षत्र का भोग ३२ प्रतिशत तुल्य होने से भावी सुभिक्ष रचना हेतु सामान्य फल सूचक है। ।। शुभ मिति।।

✯ पं. श्रीधर शिवलाल पञ्चाङ्ग सुरिभिः स्तुतं। तदिदं कृष्णगढ़ नगरे आशीष गौड़ कृतम्।। ✯

MANAV ASTRO & VEDIC 8586094945 , 8302680069

विक्रम सम्वत् २०८२ शाकः १९४७ विवाहलग्नानि रेखासहितानि च तथोपनयन विविध मुहूर्त्तादयः

सर्वं विघ्नहरं देवं सर्वविघ्न विवर्जितम्। सर्वसिद्धिप्रदातारं वन्देहं गणनायकम्॥ लम्बोदरं नमस्तुभ्यं सततं मोदक प्रिय। निर्विघ्नं कुरु में देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥ नमस्ते ब्रह्मरुपाय विष्णुरूपाय ते नमः। नमस्ते रुद्ररुपाय करिरुपाय ते नमः॥ विश्वस्वरूपरूपाय नमस्ते ब्रह्मचारिणे। भक्तिप्रियाय देवाय नमस्तुभ्यं विनायक॥
ॐ सिद्धिबुद्धि सहिताय महागणपतये नमः॥

卐 गुरु शुक्रास्त कालांश समय शुद्धि विवेचना 卐

(१) मीन संक्रान्ति-मलमास- संवत् २०८१ फाल्गुन शुक्ल पक्ष १५ शुक्रवार तारीख १४-०३-२०२५ से संवत् २०८२ वैशाख कृष्ण पक्ष १ रविवार तारीख १३-०४-२०२५ पर्यन्त मान्य होगा। **(२) गुरू अस्तोदय**- संवत् २०८२ आषाढ़ कृष्ण पक्ष १ गुरूवार ता. १२-०६-२०२५ से गुरू तारा अस्त रचना का बनते भावी आषाढ़ शुक्ल पक्ष १० शनिवार ता. ०५-०७-२०२५ को गुरू तारा उदित स्वरूप का रहेगा। **(३) श्रीहरि-देवशयन**- संवत् २०८२ आषाढ़ शुक्ल पक्ष ११ रविवार तारीख ०६-०७-२०२५ से कार्त्तिक शुक्ल पक्ष १० शनिवार तारीख ०१-११-२०२५ पर्यन्त देवशयन कालांश एवं श्रावण बदी ६ बुधवार ता. १६-०७-२०२५ से मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष १२ रविवार ता. १६-११-२०२५ पर्यंत कर्क से तुला संक्रांति कालांश। **(४) महालय श्राद्ध पक्ष** - संवत् २०८२ भाद्रपद शुक्ल पक्ष १५ रविवार तारीख ०७-०९-२०२५ से आश्विन कृष्ण पक्ष ३० रविवार तारीख २१-०९-२०२५ पर्यन्त श्राद्ध पितृपक्ष कालांश नेष्ट सूचक। **(५) धनु संक्रान्ति-मल मास**- संवत् २०८२ पौष कृष्ण पक्ष ११ सोमवर तारीख १५-१२-२०२५ से प्रारंभ होकर भावी माघ कृष्ण पक्ष ११ बुधवार तारीख १४-०१-२०२६ पर्यन्त कुमूहूर्त सूचक नेष्ट कालांश। **(६) शुक्र अस्तोदय**- संवत् २०८२ पौष कृष्ण पक्ष ११ सोमवार तारीख १५-१२-२०२५ से शुक्र तारा अस्त रचना का बनते फाल्गुन कृष्ण पक्ष १ सोमवार ता. ०२-०२-२०२६ को शुक्र तारा उदित स्वरूप का रहेगा। **(७) होलाष्टक**- संवत् २०८२ फाल्गुन शुक्ल पक्ष ८ मंगलवार तारीख २४-०२-२०२६ से फाल्गुन शुक्ल पक्ष १४ सोमवार तारीख ०२-०३-२०२६ पर्यन्त विवाह मुहूर्त आदि शुभ मांगलिक कार्य रचना शोधन हेतु कालांश मान्य नहीं। **(८) मीन संक्रांति मलमास कालांश**- संवत् २०८२ चैत्र कृष्ण पक्ष १० शनिवार तारीख १४-०३-२०२६ से संवत् २०८३ वैशाख कृष्ण पक्ष १२ मंगलवार तारीख १४-०४-२०२६ पर्यन्त मान्य होगा। **(९) गुरु-शुक्र बाल्यत्व-वृद्धत्व काल**- गुरू व शुक्र के अस्त से तीन दिन पूर्व वृद्धत्व कालांश एवं उदय से तीन दिन बाद तक बाल्यत्व कालांश शुभ कार्यो हेतु वर्जित है। **(१०) गोधूलिक वेला लग्न**- गोधूलिक वेला के लग्न गुरुवार को सूर्यास्त होने पर तथा शनिवार को सूर्य साक्षी रहते पाणिग्रहण शुभ रहता है। अन्यथा गोधूलि-गोरज वेला का प्रतिफल निष्फल ही बन पाता है अतः विवाहादि पूजा कर्म गोधूलि समय से १ घंटा पूर्व मे ही समाधित कर लेना योग्य सूत्र है एवं जिन ग्रहों के (दा.) दानतः अथवा (पू.) अर्थात पूज्य उल्लेख किया गया हो उस दिवस पर अभिष्ट ग्रह के दान-पूजा आदि उपकरणों द्वारा कार्य सम्पन्न करना भी योग्य सूत्र हैं। **(११) क्रान्ति-साम्य**- महापात विकास गणितागत सुक्ष्म रचना अनुसार मान्य किया जाता है, इस पक्ष विषयक सूर्य-चन्द्र की राश्यात्मक स्थिति को मान्य नहीं किया है। **(१२) गोधूलि-दिवा-रात्रि लग्न**- इन विवाह मुहूर्त्तों में दिवा-गोधूलि-रात्रि इन ३ वेला की गणना मान्यता की गई है। अपनी अपनी कार्य सुविधा मान्यता एवं देशाचार-कुलाचार अनुसार समाधान करना भी सन्मार्ग सूचक सूत्र। दिवा लग्न हेतु शास्त्रीय व्यवधान विशेष नहीं यथा सूत्र विवाह पद्धति मध्ये-दिवा सूर्यमवलोक्य रात्रौ ध्रुवं च विपश्य। अर्थात् दिवा लग्न भी कार्य समाधान सूचक तथा रात्रि लग्न वेला पाठान्तर वैशेषिक मान्यता अनुरूप है। देवशयन कालांश के लग्न मुहूर्त्त तथा कात्यायनोक्त नक्षत्रचतुष्टयी के विवाह मुहूर्त्त भी युग धर्मानुकूल जन सुविधार्थ प्रस्तुत है। इनका सदुपयोग-कार्य व्यवहार भी देशकाल परिस्थिति एवं निज कुलज शाखा प्रशाखा-देशाचार-कुलाचार मान्यतानुसार समुचित है। साथ ही गत वर्षो से आगामी संवत् के आषाढ़ माह पर्यन्त संभावित विवाह लग्नों का भी समावेश किया गया है।

विक्रम संवत् २०८२ शाके: १९४७ विवाहलग्नानि रेखासहितानि च तथोपनयन विविध मुहूर्त्तादयः

मास-पक्ष-तिथि	वार	दिनांक	विवाह नक्षत्र	लत्तादिदोष-रेखाऐं	चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरूराशि	✿ विवाह लग्न समय दिवा-रात्रि, पूजा एवं दानादि उपकरण ✿
वैशाख कृष्ण १	सोम	१४-०४-२५	स्वाति	रेखा ७ ।।।ऽ।ऽऽ।।	तुला	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ०९।५३ से १२।०७ लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ०९।१३ से ११।२९ गु. ७ पू. भान्तमपि
वैशाख कृष्ण ३	बुध	१६-०४-२५	अनुराधा	रेखा ८ ।ऽ।।।ऽ।।।।	वृश्चिक	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ११ कुम्भ रात्रि ०३।०९ से ०४।४०
वैशाख कृष्ण ५	शुक्र	१८-०४-२५	मूल	रेखा ६ ।।।ऽऽ।ऽ।ऽ	धनु	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ११ कुम्भ रात्रि ०३।०२ से ०४।३२ दग्धा परिहारः
वैशाख कृष्ण ६	शनि	१९-०४-२५	मूल	रेखा ७ ।।।।ऽ।।ऽ।ऽ	धनु	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ०९।३४ से १०।२१ चं. ७ पू. दग्धा परिहारः भान्तमपि
वैशाख कृष्ण ७	रवि	२०-०४-२५	उत्तराषाढ़ा	रेखा ७ ।।।ऽ।ऽ।ऽ।।	मकर	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ०८।५० से ११।०६ गु. ७ पू. लग्न ११ कुम्भ रात्रि ०२।५४ से ०४।२४ गुरू पादवेधाऽभावः

मास-पक्ष-तिथि	वार	दिनांक	विवाह नक्षत्र	लत्तादिदोष-रेखाऐं	चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरूराशि	✿ विवाह लग्न समय दिवा-रात्रि, पूजा एवं दानादि उपकरण ✿
वैशाख कृष्ण १२	शुक्र	२५-०४-२५	उत्तराभाद्रपद	रेखा ७ ।।ऽ।ऽऽ।।।।	मीन	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ०९।३९ से ११।२३
वैशाख शुक्ल २	मंगल	२९-०४-२५	रोहिणी	रेखा ९ ।।।।।ऽ।।।।	वृषभ	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ०८।१३ से १०।२९ चन्द्र गुरू ७ पूज्य लग्न ११ कुम्भ रात्रि ०२।१७ से ०३।४७
वैशाख शुक्ल ३	बुध	३०-०४-२५	रोहिणी	रेखा ९ ।।।।।ऽ।।।।	वृषभ	मेष	वृषभ	विवाह लग्न २ वृषभ दिवा ०६।५३ से ०८।४९ चन्द्र १ परिहारः लग्न ३ मिथुन दिवा ०८।४९ से ११।०३
वैशाख शुक्ल ३	बुध	३०-०४-२५	मृगशिरा	रेखा ९ ।।ऽ।।।।।।।	वृषभ	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ०८।०९ से १०।२५ चं. गु. ७ पूज्य
वैशाख शुक्ल ८	सोम	०५-०५-२५	मघा	रेखा ९ ऽ।।।।।।।।।	सिंह	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ०७।४९ से १०।०५ गु. ७ पू. लग्न ११ कुम्भ रात्रि ०१।५३ से ०३।२३ चं. ७ पू. गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
वैशाख शुक्ल ९	मंगल	०६-०५-२५	मघा	रेखा ९ ऽ।।।।।।।।।	सिंह	मेष	वृषभ	विवाह लग्न २ वृषभ दिवा ०६।२९ से ०८।२५ लग्न ३ मिथुन दिवा ०८।२५ से १०।३९ गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
वैशाख शुक्ल १०	बुध	०७-०५-२५	उत्तराफाल्गुनी	रेखा ७ ।।ऽ।ऽ।ऽ।।।	सिंह	मेष	वृषभ	वि. लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ०७।४१ से ०९।५८ केतु युति परिहारः गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
वैशाख शुक्ल ११	गुरू	०८-०५-२५	उत्तराफाल्गुनी	रेखा ७ ।।ऽ।ऽ।ऽ।।।	कन्या	मेष	वृषभ	विवाह लग्न ८ वृश्चिक रात्रि ०७।३७ से ०९।०७ भान्तमपि केतु युति परिहारः गणितेन क्रान्तिसाम्याऽभावः
ज्येष्ठ कृष्ण ५	शनि	१७-०५-२५	उत्तराषाढ़ा	रेखा ७ ।।।ऽ।ऽ।ऽ।।	धनु	वृषभ	मिथुन	वि. लग्न गोधूलि लग्न ९ धनु रात्रि ०९।२० से ११।२३ गु. ७ पू. मं. ८ परिहारः गु. पादवेधाऽभावः
ज्येष्ठ शुक्ल २	बुध	२८-०५-२५	मृगशिरा	रेखा ९ ।।ऽ।।।।।।।	वृषभ	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ०६।५९ से ०९।१३
ज्येष्ठ शुक्ल २	बुध	२८-०५-२५	मृगशिरा	रेखा ८ ।।ऽ।।ऽ।।।।	मिथुन	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ९ धनु रात्रि ०९।०८ से १०।३९ चं. गु. ७ पू. मं. ८ परिहारः
ज्येष्ठ शुक्ल ६	रवि	०१-०६-२५	मघा	रेखा ६ ऽ।।।ऽऽऽ।।	सिंह	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ९ धनु रात्रि ०९।३७ से १०।२३ गु. ७ पू. लग्न १ मेष रात्रि ०३।०५ से ०४।४३ श. १२ पू.
ज्येष्ठ शुक्ल ७	सोम	०२-०६-२५	मघा	रेखा ६ ऽ।।।ऽऽऽ।।	सिंह	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ३ मिथुन दिवा ०६।३९ से ०८।५२
ज्येष्ठ शुक्ल ७	सोम	०२-०६-२५	मघा	रेखा ८ ऽ।।।।।।ऽ।।	सिंह	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न गोधूलि लग्न ९ धनु रात्रि ०८।१५ से १०।१९ गु. ७ पू. तिथ्यंतमपि, भान्तमपि
ज्येष्ठ शुक्ल ९	बुध	०४-०६-२५	उत्तराफाल्गुनी	रेखा ७ ।।ऽ।ऽऽ।।।।	कन्या	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न ९ धनु रात्रि ०८।११ से १०।१५ गु. ७ पू. केतु युति परिहारः
ज्येष्ठ शुक्ल १२	शनि	०७-०६-२५	स्वाति	रेखा ८ ऽ।।।ऽ।।।।।	तुला	वृषभ	मिथुन	विवाह लग्न १ मेष रात्रि ०२।४१ से ०४।१९ चं. ७ श. १२ पू.
ज्येष्ठ शुक्ल १२	रवि	०८-०६-२५	स्वाति	रेखा ८ ।।।।ऽ।ऽ।।।	तुला	वृषभ	मिथुन	वि. लग्न ३ मिथुन दिवा ०८।१६ से ०८।२९ ल. ४ कर्क दिवा ०८।२९ से १०।४७ तिथ्यंतमपि
मार्गशीर्ष शुक्ल २	शनि	२२-११-२५	मूल	रेखा ८ ।।।ऽ।ऽ।।।।	धनु	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ७ तुला रात्रि ०४।१७ से ०६।३५ गु. पाद वेधाऽभावः
मार्गशीर्ष शुक्ल ३	रवि	२३-११-२५	मूल	रेखा ८ ।।।ऽ।ऽ।।।।	धनु	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १०।५५ से १२।४० गु. पाद वेधाऽभावः गु. ७ पू.
मार्गशीर्ष शुक्ल ५	मंगल	२५-११-२५	उत्तराषाढ़ा	रेखा ६ ।ऽ।।ऽ।ऽऽ।।	मकर	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ०९।१७ से २३।३५ चं. ७ पू.
मार्गशीर्ष शुक्ल १०	रवि	३०-११-२५	उत्तराभाद्रपद	रेखा ८ ।।।।।।।ऽ।ऽ	मीन	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न १० मकर दिवा १०।२८ से १२।१३ गु. ७ पू. लग्न ४ कर्क रात्रि ०८।५८ से ०९।३० तिथ्यंतमपि दग्धा परिहारः तथा रेखा ९ वि. लग्न ४ कर्क रात्रि ०९।३० से ११।१६
मार्गशीर्ष शुक्ल १४	गुरू	०४-१२-२५	रोहिणी	रेखा ७ ऽ।।।ऽ।।ऽ।।	वृषभ	वृश्चिक	कर्क	विवाह लग्न ४ कर्क रात्रि ०८।४३ से ११।०० तिथिक्षयः चांवल अनुदानतः परिहारः
पौष कृष्ण ७	गुरू	११-१२-२५	उत्तराफाल्गुनी	रेखा ९ ।।।।।।।ऽ।।	सिंह	वृश्चिक	मिथुन	विवाह लग्न ७ तुला रात्रि ०३।५६ से ०५।२१
पौष कृष्ण ८	शुक्र	१२-१२-२५	उत्तराफाल्गुनी	रेखा ८ ।।।।।ऽ।ऽ।।	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	विवाह लग्न १० मकर दिवा १०।२१ से ११।२६ अत्यावश्यके

